**<u>लोक सभा</u>**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2064**

**30 जुलाई, 2018 को उत्तर के लिए**

**इस्पात उत्पादन/आयात**

**2064. श्री संजय धोत्रे:**

**श्री राहुल शेवाले:**

**श्री भर्तृहरि महताब:**

**श्रीमती एम. वसन्ती:**

**श्री बी.वी. नाईक:**

**श्री राजेश कुमार दिवाकर:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इस्पात क्षेत्र का क्या योगदान है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान देश में इस्पात का स्वदेश उत्पादन माँग-आपूर्ति और आयात संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस्पात की मांग और आपूर्ति में एक भारी अंतर है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस्पात के आयात विशेष रूप से चीन से आयात ने घरेलू इस्पात क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को देश में इस्पात के आयात में हुई वृद्धि के खिलाफ विभिन्न घरेलू इस्पात विनिर्माताओं से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त आयात से घरेलू इस्पात उद्योग को संरक्षित करने हेतु क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं; और

(च) सरकार द्वारा देश में इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)**

(क): घरेलू इस्पात उद्योग देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2% (लगभग) का योगदान करता है।

(ख): देश में विगत तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान पूर्ण फिनिश्ड इस्पात का बिक्री हेतु उत्पादन, आयात और खपत संबंधी आँकड़े नीचे दर्शाए गए हैं:-

| **वर्ष** | **पूर्ण फिनिश्ड इस्पात (अलॉय/स्टेनलेस+नॉन-अलॉय) (एमटी)** | | |
|---|---|---|---|
| | **बिक्री हेतु उत्पादन** | **आयात** | **खपत** |
| 2015-16 | 90.98 | 11.71 | 81.52 |
| 2016-17 | 101.81 | 7.23 | 84.04 |
| 2017-18* | 104.98 | 7.48 | 90.68 |
| अप्रैल-जून 2018 | 26.966 | 1.89 | 23.59 |
| स्रोत: जेपीसी; *अनंतिम; एमटी= मिलियन टन | | | |

(ग): जी नहीं।

(घ): गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में चालू वर्ष के दौरान कुल आयातों में चीन से होने वाले आयात में कमी हुई है। गत तीन वर्षों और अप्रैल-मई 2018 के दौरान नॉन-अलॉय इस्पात, समग्र अलॉय/स्टेनलेस स्टील और पूर्ण फिनिश्ड इस्पात की प्रमुख मदों का चीन से भारत में आयात का ब्यौरा नीचे दिया गया है। पिछले वर्ष में कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा गया है।

| **पूर्ण फिनिश्ड इस्पात का आयात (हजार टन में)** | | | |
|---|---|---|---|
| **अवधि** | **चीन** | **कुल सभी** | **कुल में चीन की % भागीदारी** |
| 2015-16 | 4125 | 11711 | 35 |
| 2016-17 | 2157 | 7227 | 30 |
| 2017-18* | 1931 | 7482 | 26 |
| अप्रैल-मई 2017* | 239 | 1062 | 23 |
| अप्रैल-मई 2018* | 198 | 1217 | 16 |
| %बदलाव* वर्ष-दर-वर्ष | -17 | 14.6 | - |
| स्रोत: जेपीसी; *अनंतिम | | | |

(ङ): सरकार को देश में इस्पात आयात में वृद्धि के विरुद्ध कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(च): इस्पात एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है। सरकार ने इस्पात क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए विविध उपचारी उपाय किए हैं, यथा- एंटी डंपिंग शुल्क लगाना, सेफगार्ड शुल्क लगाना और गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी करना, जिसके द्वारा सभी इस्पात उत्पादों और आयातों के संबंध में बीआईएस मानकों के उपयोग को अनिवार्य बनाया गया है, जैसे व्यापारिक उपाय किए गए; सरकारी खरीद में घरेलू निर्मित लोहा और इस्पात उत्पादों के उपयोग को वरीयता देने की नीति को अधिसूचित किया है, जो घरेलू मूल्यवर्द्धन को सुविधाजनक बनाती है तथा इस्पात क्षेत्र में दीर्घकालीन विकास को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को अधिसूचित किया है।

*****